# ऐसा है मेरा सांवरिया | by Reshmi Sharma

साया बनकर हर पल मेरे साथ चलता है
माँ बाबुल के जैसे मेरा ध्यान रखता है
मेरी आँख का हर एक आंसू अपने हाथ से पोछे
मेरे कल की मुझसे ज्यादा सांवरा ही सोचे
ऐसा है मेरा सांवरिया ........ऐसा है मेरा सांवरिया

बिन बोले हर कारज अपने आप करता है
मेरे दोष भूलकर हर दम माफ़ करता है
जब भी मुझको पड़ी ज़रूरत इक पल नहीं गंवाया
सोनू मन की पीड़ समझी छोड़ सिंहासन आया
ऐसा है मेरा सांवरिया ........ऐसा है मेरा सांवरिया

छोड़ के चिंता अपने मन में ये विश्वास जगा
तेरा जीवन तुझसे बेहतर श्याम संभालेगा
इसके हवाले कर के कह दे तेरा काम तू जाने
आया है आता रहेगा तेरी लाज बचाने
ऐसा है मेरा सांवरिया ........ऐसा है मेरा सांवरिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%90%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-reshmi-sharma/